जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-48 | जयपुर, सोमवार, 25 दिसम्बर, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

### लखपति दीदी सम्मेलन- महिला सशक्तिकरण से प्रदेश होगा समृद्ध और सशक्त

# राज्य की 11.24 लाख महिलाओं को मिलेगा लखपति दीदी योजना का लाभ-मुख्यमंत्री



**जैसलमेर (हमारा वतन)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल कलराज मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति में जैसलमेर के शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में ''लखपति दीदी सम्मेलन'' का आयोजन हुआ। राजस्थान ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में हुए सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि समृद्ध महिलाओं से ही समाज, प्रदेश व देश की खुशहाली संभव है। हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण और उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति के महत्व को समझते हुए लखपति दीदी योजना की शुरूआत की है। मोदी के कुशल नेतृत्व में महिला समृद्धि में हुए कार्यों से देश और प्रदेश समृद्ध और सशक्त होगा।

**हर जिले में स्थापित होगा महिला थाना**-शर्मा ने कहा कि महिला सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इसी क्रम में प्रदेश के हर जिले में एक महिला थाना स्थापित होगा। हर पुलिस थाने में महिला डेस्क की स्थापना होगी तथा सभी प्रमुख शहरों में एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन भी होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 16 दिसम्बर से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने और नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की है। इस यात्रा के माध्यम से हर पात्र परिवार और व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। यात्रा की मॉनिटरिंग के लिए ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक टीम गठित की गई हैं। शर्मा ने सभी प्रदेशवासियों से इस यात्रा में जुड़ने का आह्वान किया है।

**महिलाओं के माध्यम से देश का विकास**-केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की महिलाओं के सशक्तिकरण तथा उनके जीवन में परिवर्तन लाने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है।

माताओं और बहिनों की गरिमा को बनाए रखने के लिए देशभर में शौचालयों का निर्माण, उन्हें धुंए से मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना के माध्यम से घर-घर तक रसोई गैस तथा पीने के पानी के लिए हर घर तक नल से जल पहुंचाने का कार्य हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है। आज हर क्षेत्र में महिलाओं के लिए नवीन द्वार खुल रहे हैं। आज हम महिला सशक्तिकरण के दौर से आगे बढ़कर महिलाओं के माध्यम से देश के विकास के दौर में प्रवेश कर गए हैं।




## महिला उद्यमियों से संवाद, प्रदर्शनी का अवलोकन

इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल कलराज मिश्र तथा मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनसे जुड़ी महिला उद्यमियों से संवाद किया। उन्होंने सम्मेलन में दुग्ध उत्पाद, लकड़ी उत्पाद, ब्लू पॉटरी, मीनाकारी, कोटा डोरिया, वाटर शेड, उद्यम संवर्धन, डिजिटल फाइनेंस एवं वित्तीय समावेश, कशीदाकारी, वन धन विकास योजना, महिला किसान उत्पादक संगठन, सेनेटरी पैड उत्पादन इकाई, मार्बल उत्पाद, जूट उत्पाद, दरी और कालीन, बाजरे के उत्पाद, राली उत्पाद, पट्टू आर्ट, टैराकोटा की स्टॉल का अवलोकन कर महिलाओं को प्रोत्साहित किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने एक हैण्डमेड बैडशीट भी खरीदी।

**उपलब्ध होंगे आजीविका के नवीन साधन**-केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही लखपति दीदी योजना के माध्यम से आने वाले समय में प्रदेश की महिलाएं सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक दृष्टि से मजबूत होंगी। इस पहल से महिलाओं के कौशल विकास के साथ ही उन्हें आजीविका के नवीन साधन उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में देश की माताओं व बहिनों का बहुत बड़ा योगदान रहेगा।समारोह में जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी, पोकरण विधायक प्रताप पुरी, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज अभय कुमार, सचिव मंजू राजपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं उपस्थित थीं।

## 1000 करोड़ रुपए का होगा निवेश, मिलेगा कौशल विकास प्रशिक्षण

शर्मा ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए इस योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूह से जुड़ी देश की 2 करोड़ माताओं-बहिनों को रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत राजस्थान की 11.24 लाख महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 3 लाख महिलाओं को इस श्रेणी में लाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार स्वयं सहायता समूहों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 150 करोड़ रुपए के चैक भी वितरीत किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है। इसे साकार करने के लिए 1,000 करोड़ रूपये के निवेश के साथ महिला सशक्तिकरण एसएचजी मिशन शुरू किया जाएगा। इसमें 2 लाख नई महिला सदस्यों को एसएचजी से जोड़ने का लक्ष्य है और उन्हें सरल ऋण सुविधाएं व मार्केट लिंकेज की सुविधा प्रदान करने की कार्ययोजना बनाई जा रही। उन्होंने कहा कि एसएचजी में काम करने वाली लगभग 28 लाख महिलाओं को महिला सशक्तिकरण क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से न्यूनतम दर पर 1 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराने के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा।

## डॉक्टर शिखा मील बराला की अगुवाई में धरने में शामिल हुए सैकड़ो कांग्रेसी

**चौमूं (हमारा वतन)।** केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के लोकतंत्र पर प्रहार करते हुए संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के 142 सांसदों को निलंबित करने के विरोध में शुक्रवार को विधायक डॉ. शिखा मील बराला के नेतृत्व में चौमूं विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आर आर तिवाडी के नेतृत्व में शहीद स्मारक, जयपुर पर दिए गए धरने में शामिल होकर विरोध प्रकट किया। इस अवसर पर डॉ. शिखा मील बराला ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा दोनों सदनों के 142 सांसदों के निलंबन की कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (पूर्वी) के अध्यक्ष लोकेश शर्मा, जयपुर जिला देहात कांग्रेस कमेटी उपाध्याय छीतरमल जलुथरिया, शहजाद खान लोहानी, दानिश खान आदि धरने में उपस्थित रहे ।




लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर
कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर



क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !
सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया
24 घंटे इमरजेंसी सुविधा
निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !
फ्री परामर्श
संपर्क - 9636247286, 9928747286
सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में उमड़ी ग्राहकों की भीड़, खादी वस्त्रों पर मिल रही 50 प्रतिशत की बम्पर छूट





**जयपुर (हमारा वतन)।** बजाज नगर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, जयपुर द्वारा लगाई गयी खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2023-24 ग्राहकों को लुभा रही है। सर्दी बढ़ते ही खादी के उत्पादों को खरीदने के लिए ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है । खादी हानिकारक रसायन रहित और पर्यावरण हितैषी वस्त्र है। साथ ही खादी आत्मनिर्भर भारत की और एक बढ़ता कदम भी है। खादी अब युवाओं को रास आ रही है और देश के साथ विदेशों में भी लोकप्रियता बटोर रही है। इन प्रदर्शनियों से न केवल उत्पादकों को बाजार मिलता है, वहीं उपभोक्ताओं को भी अच्छे उत्पाद के चयन में आसानी होती है।

भारत सरकार कतिन, बुनकर व खादी से जुड़े हर हाथ को सुदृढ़ बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार की मंशा खादी की लोकप्रियता बढ़ाने व आमजन तक इसकी पहुंच सुलभ करने की है। राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ के मंत्री एवं खादी प्रदर्शनी के संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि 5 दिसंबर से प्रारंभ हुई यह प्रदर्शनी 13 जनवरी 2024 तक संचालित की जाएगी।

यह प्रदर्शनी पिछले 13 वर्षो से निरंतर लगाई जा रही है। इस प्रदर्शनी में कुल 175 स्टाल लगाई जा रही हैं, जिनमें से 115 स्टॉल खादी व 60 स्टॉल ग्रामोद्योग उत्पाद की हैं। राजस्थान में उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत और पर प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 25 प्रतिशत की छूट ग्राहकों को मिल रही है ।



# प्रथम कदम फाउंडेशन ने मनाया क्रिसमस कार्निवल

**जयपुर (हमारा वतन )।** जयपुर के प्रथम कदम फाउंडेशन द्वारा जूनियर डेली स्कूल में क्रिसमस कार्निवल मनाया गया। स्कूल के 2 साल से लेकर 6 साल तक के बच्चों ने कैटवॉक किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान सभी स्टूडेंट को अल्पाहार और सांता क्लोज ने गिफ्ट बांटे । जूनियर दिल्ली स्कूल प्रशासन ने फाउंडेशन को डोनेशन के रूप में जरूरतमंदों को वस्त्र, खिलौने और खाना बांटने को दिया। इस दौरान प्रथम कदम फाउंडेशन के फाउंडर डायरेक्टर पियूष शाह, कविता पंजवानी और जूनियर डेली स्कूल की डायरेक्टर अंजू शर्मा मौजूद रही ।



# इन्द्र वशिष्ठ ने की खाटूश्यामजी थानाधिकारी हेमराज मीणा से शिष्टाचार भेंट

**सीकर (हमारा वतन)।** टीम इन्द्र वशिष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र वशिष्ठ ने नवनियुक्त खाटूश्यामजी थाना अधिकारी हेमराज मीणा से शिष्टाचार भेंट की ।

इस दौरान हेमराज मीणा को माला व साफा पहनाकर, मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दी ।

खाटूश्यामजी में यातायात व्यवस्था को ओर मजबूत करने के बारे में चर्चा हुई । इस अवसर पर सहर्ष सोनी, रेणु सोनी, नानू बागड़ा, लोकपाल मीणा आदि लोग उपस्थित रहे ।

# एप से करवा सकते हैं आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य में रजिस्ट्रेशन

**अजमेर (हमारा वतन)।** केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में अजमेर जिले के 10.12 लाख पात्र परिवारों को आयुष्मान हेल्थ कवर की शानदार सौगात मिलेगी। गरीब एवं कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना) संचालित की जा रही है। वर्तमान में यह योजना के अन्तर्गत विभाग द्वारा बंदित पारियों को योजना से जोड़ने के लिये बहुत ही तेजी से कार्य किया जा रहा है। चिकित्सा विभाग के अनुसार केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में अजमेर जिले को 10.12 लाख व्यक्तियों का लक्ष्य आवंटन किया गया था। इसमें से अब तक पुनर्गठित अजमेर जिले में अभी एक 54 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की जा चुकी है। इसी प्रकार पूर्व अजमेर जिले में अभी तक 41




प्रतिशत का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है एवं अब तक 4 लाख 11 हजार कार्ड बनाए जा चुके हैं। आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पात्र व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड दिया जाता है। इन्हें अधिकृत अस्पतालों में प्रति परिवार 5 लाख रूपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलती है। कार्ड धारक को भर्ती होने के सात दिन पहले एवं डिस्चार्ज के दस दिन बाद का मेडिकल चेकअप तथा दवाए भी मुहैया कराई जाएगी। आयुष्मान योजना के तहत कोरोना कैंसर, मुर्दा एवं हृदय रोग, डायलिसिस, घुटने व कुल्हा प्रत्यारोपण निसंतानता पाइल्स व टीबी आदि अन्य सभी गंभीर रोगो के निःशुल्क उपचार सहित 56 तरह की निःशुल्क जाचों की सुविधा मिलती है।

केन्द्र सरकार की इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये अपात्र व्यक्ति स्वयं भी अपनी पात्रता की जाच कर कार्ड बनवा सकता है। इसके लिए पात्र व्यति को PM-JAY आयुष्मान एप डाउनलोड करने के बाद अपना मोबाइल नम्बर देना होगा। ओटीपी तथा केपचा कोड के द्वारा पोर्टल पर पहुंच कर सर्वप्रथम राज्य का नाम देना होगा। उसके बाद सर्च में परिवार आईडी आधार कार्ड नाम ग्रामीण व शहरी अथवा PM-JAY आई एक की जानकारी देनी होगी। इसके बाद जिले का चयन करते ही पात्र होने की जानकारी सामने आ जाएगी। पात्र होने पर स्वयं ही जानकारी देकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। अधिक जानकारी के लिए व ेबसाइट http://beneficiary.nha.gov.in पर देखे।

# आयुर्वेद चिकित्सा के बारे में स्वयं सेविकाओं को दी जानकारी

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूं में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिन की शुरुआत कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर कविता गौतम की अध्यक्षता में योगाभ्यास व प्रार्थना सत्र से की गई।



एनएसएस प्रभारी डॉ.सांवरमल जाट व अनिता कुमावत ने बताया कि प्रथम सत्र में योग शिक्षिका धर्मा नागा द्वारा सूर्य नमस्कार से शुरुआत करते हुए प्राणायाम, वज्रासन, भुजंगासन, मकरासन आदि आसनों का अभ्यास कराया एवं महाविद्यालय के खेल मैदान में साफ सफाई कर श्रमदान किया। तत्पश्चात् सुभाषित वचनों का पाठ कराया गया। बौद्धिक सत्र में आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने आयुर्वेदिक चिकित्सा से संबंधित जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि आयुर्वेदिक इलाज रोग को जड़ से खत्म करता है। उन्होंने अनेक रोगों के इलाज के लिए आयुर्वेदिक नुस्खे घटिया रोग उपचारक के रूप में बथुआ, जोड़ो के दर्द व पेट रोग के लिए शहजन का पाउडर, हृदय रोग के लिए अर्जुन की छाल आदि जानकारी स्वयं सेविकाओं के साथ साझा की ।

# उज्ज्वला योजनाः बायोमेट्रिक केवाईसी करने वालों को ही मिलेगा 450 रुपए में सिलेंडर

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान सरकार उज्ज्वला योजना वाले प्रदेश के 76 लाख उपभोक्ताओं को सब्सिडी मिलेगी ताकि उन्हें सिलेंडर 450 रुपए में मिल सके।



वास्तविक उपभोक्ताओं की पहचान के लिए तीनों तेल कंपनियां न केवल उज्ज्वला बल्कि प्रत्येक उपभोक्ताओं की केवाईसी कर रही है । इसमें बायोमेट्रिक केवाईसी की जा रही है जो या तो एजेंसी पर जाकर या विकसित भारत संकल्प शिविर में कराई जा रही है। यह शिविर 26 जनवरी तक रहेंगे। केवाईसी होने के बाद केंद्र की योजना के तहत सभी उपभोक्ताओं के लिए किसी भी समय सब्सिडी शुरू की जा सकती है। तीनों तेल कंपनियों के स्टेट लेवल कोऑर्डिनेटर आलोक पांडा ने बताया कि नए और पुराने सभी कनेक्शन उपभोक्ताओं के लिए यह केवाईसी जरूरी है ।

# नवरतन कोठारी को मिला लाईफटाईम अचीवमेन्ट अवॉर्ड

**जयपुर (हमारा वतन)।** देश में रत्नाभूषण क्षेत्र की प्रमुख पत्रिका 'इण्डियन ज्वेलर' द्वारा अपनी तरह के एक अभिनव जेजेएस-इंडियन ज्वैलर डिजाइन अवॉर्ड्स-2023 का पुरस्कार वितरण प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा द्वारा जयपुर के 'नेवोटेल जयपुर कनवेन्शन सेन्टर, सीतापुरा, जयपुर में एक रंगारंग सांस्कृतिक संध्या में किया गया। नवरतन कोठारी को रत्न और आभूषण व्यापार में उत्कृष्ट योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



विशेषकर हीरे के क्षेत्र में उनकी लंबी पारी के लिए। इस प्रतियोगिता के लिए पूरे देश के आभूषण निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं एवं डिजाइनरों ने विभिन्न श्रेणियों तथा मूल्य वर्ग में अपनी प्रतिभागी डिजाइन समीक्षा एवं चयन के लिए प्रस्तुत कीं। प्रतियोगियों ने 95 उत्पाद श्रेणियों में अपने सर्वश्रेष्ठ डिजाइन प्रस्तुत किए। जिनमें से समीक्षा उपरान्त 1000 से अधिक प्रविष्टियां अन्तिम रूप से चयन के लिए निर्णायक मण्डल को प्रस्तुत की गई। निर्णायक मण्डल ने इनमें से 15 प्रविष्टियां पुरस्कार के लिए चयनित कीं। उक्त प्रक्रिया ने ही इसे जौहरियों की पसंद का पुरस्कार बना दिया है। आलोक काला ने इस अवसर पर कहा कि ''इस वर्ष हम अपने प्रकाशन का 60वां वर्ष मना रहे है और यह और भी अच्छा रहा कि हम इस समारोह को जयपुर में ही आयोजित कर रहे हैं जहां से यह प्रकाशन प्रारम्भ हुआ था।

हमने पूरे उद्योग के साथ आज समस्त भारत में से चयनित प्रतियोगियों एवं डिजाइनों को पुरस्कृत किया।'' अबरान टाइमलेस ज्वेलरी, बैंगलूरू - टेम्पल ज्वैलरी के लिए, मेहता एम्पोरियम ज्वेलर्स, मुम्बई - बेस्ट ब्राइडल डिजाइन-गोल्ड व स्टेटमेंट ज्वेलरी में नारायण ज्वेलर्स, बडौदरा, बेस्ट ब्रेसलेट डिजाइन में बिरधीचन्द घनश्यामदास ज्वेलर्स, जयपुर व सी. कृष्णा चैटी ग्रुप ऑफ ज्वेलर्स, बैंगलूरू - बेस्ट नैक्लेस डिजाइन श्रेणी, टी. जे. इम्पैक्स, मुंबई - डायमण्ड ज्वेलरी में विजेता रहे। अन्य विजेताओं में थे - चारू ज्वेल्स सूरत, सोना चाँदी, कानपुर, आर जे एस ज्वेलर्स, जयपुर, खुराना ज्वेलरी हाउस, अमृतसर आदि।

## जॉब्स-

1. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 26146, अंतिम तिथि 28 दिसंबर 2023
2. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी, पद संख्या 327, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2023
3. यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पद इंश्योरेंस असिस्टेंट, पद संख्या 300, अंतिम तिथि 6 जनवरी 2024
4. वेस्टर्न सेंट्रल रेलवे जबलपुर, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 3015, अंतिम तिथि 14 जनवरी 2024
5. उत्तर प्रदेश पुलिस, पद कांस्टेबल स्पोर्ट्स कोटा, पद संख्या 546, अंतिम तिथि 1 जनवरी 2024
6. पटना हाई कोर्ट बिहार, पद जिला जज, पद संख्या 30, अंतिम तिथि 20 जनवरी 2024
7. भारतीय नौसेना, पद चार्जमैन, ट्रेड्समैन मेट व अन्य, पद संख्या 910, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023
8. बैंक ऑफ़ बड़ौदा, पद सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर, पद संख्या 250, अंतिम तिथि 26 दिसंबर 2023




# इकोनॉमी क्लास से ट्रैवल करती थीं आलिया भट्ट

## मां सोनी राजदान ने कहा- मेरे पास कभी ज्यादा पैसे नहीं होते थे

आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान ने हाल ही में एक्ट्रेस को लेकर एक खुलासा किया है। एक्ट्रेस की मां ने बताया कि उन्होंने अपने बच्चों को मिडिल क्लास फैमिली जैसी परवरिश दी थी। क्योंकि उनके पास कभी भी बहुत ज्यादा पैसे नहीं थे। इसी दौरान उन्होंने पैसों से जुड़ा एक पुराना किस्सा सुनाया।एक बार सोनी राजदान अपनी दोनों बेटियों के साथ दुबई जा रही थीं। उनके पास 3 बिजनेस क्लास टिकट का पैसा नहीं था। उन्होंने अपनी टिकट बिजनेस क्लास से की जबकि आलिया और शाहीन की टिकट इकोनॉमी क्लास से की। ये सुनकर आलिया और शाहीन नाराज हो गई थीं।



**बेटियों को सीख देना चाहती थीं सोनी राजदान**-आलिया की मां ने आगे बताया कि वो अपनी बेटियों को सीख देना चाहती थीं। उनका कहना है कि इसके पीछे मेरा एक लॉजिक था। मैं उन्हें ये समझाना चाह रही थी कि अभी तुम लोगों ने बिजनेस क्लास में ट्रैवल करने के लिए कमाई नहीं की है। सोनी ने कहा उनके पास बहुत ज्यादा पैसे नहीं थे। 2004 तक वो अपने परिवार के साथ 2 बीएचके अपार्टमेंट में रहती थीं। आलिया के पिता महेश भट्ट के प्रोड्यूसर बनने के बाद से उनके घर में पैसे आना शुरु हुए। लेकिन वो काफी नहीं था क्योंकि महेश भट्ट को दो परिवार का खर्चा चलाना पड़ता था।

# एक-दूजे के हुए श्रेनु पारिख और अक्षय म्हात्रे, ब्राइडल एंट्री पर छलके दुल्हन के आंसू

श्रेनु पारिख और अक्षय म्हात्रे फाइनली एक-दूसरे के हो गए हैं। इश्कबाज एक्ट्रेस ने अपने सपनों के राजकुमार से शादी कर ली है। दोनों की वेडिंग फोटोज इंटरनेट पर कल शाम से ही छाई हुई हैं। इसी के साथ दूल्हा और दुल्हन के एंट्री के वीडियो भी खूब वायरल हो रहे हैं। श्रेनु पारिख टेलीविजन इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं। एक्ट्रेस को सीरियल इश्कबाज़ में गौरी के रोल में देखा गया। इसके अलावा वह इस प्यार को क्या नाम दूं जैसे शोज में भी नजर आई थीं। श्रेनु ने 21 दिसंबर, 2023 को अपने बेटरहाफ अक्षय म्हात्रे से शादी कर ली है। अपने इंस्टा पर, श्रेनु ने फोटोज शेयर कीं और अब उनकी शादी की कई झलकियां ऑनलाइन सामने आई हैं, जो देखकर आप खुद को तारीफ करने से रोक नहीं पाएंगे।अपने इंस्टा पर Shrenu Parikh और Akshay Mhatre दोनों ने शादी की फोटोज शेयर की हैं और इनमें वे बेहद प्यारे लग रहे हैं। श्रेनु की शादी किसी फेयरीटेल से कम नहीं है। एक-एक फोटो में दोनों जबरदस्त कपल गोल्स दे रहे हैं। वेडिंग फोटोज को शेयर करते हुए श्रेनु ने लिखा, टेकेन फॉरएवर और फिर उन्होंने शादी की डेट आगे लिखी।




**श्रेनु पारिख की ब्राइडल एंट्री**-इस बीच, इंस्टा पर हमें श्रेनु पारिख का एक और वीडियो मिला, जिसनें वो ब्राइडल एंट्री कर रही हैं। श्रेनु एंट्री करते वक्त बेहद इमोशनल हो गई और वो आहें भरकर खुद को संभालने की कोशिश कर रही थीं। उनका वेडिंग वेन्यू भी काफी शानदार लग रहा है। जब वह अपनी पारंपरिक गुज्जू दुल्हन की ड्रेस में गलियारे से नीचे चल रही थीं। बैकग्राउंड में हम आतिशबाजी भी देख सकते हैं।

**दूल्हे अक्षय म्हात्रे की एंट्री**-दूसरे क्लिप में हमने दूल्हे अक्षय म्हात्रे की एंट्री देखी। दूल्हे ने अपनी धमाकेदार एंट्री से सभी को हैरान कर दिया। हम अक्षय को ओपन रूफ कार में देख सकते हैं।

# जब विकी कौशल से कटरीना कैफ को हो गई थी नफरत, एक्ट्रेस ने शेयर किया था 'मेरी क्रिसमस' से जुड़ा किस्सा

बॉलीवुड अभिनेता विकी कौशल और एक्ट्रेस कटरीना कैफ की जोड़ी फैन्स को पसंद है। दोनों के फोटोज और वीडियोज पर फैन्स खूब प्यार लुटाते हैं और अक्सर उनके बारे में अधिक से अधिक जानना चाहते हैं। विकी और कटरीना भी अक्सर पर्सनल लाइफ से जुड़ी बातें और किस्से शेयर करते रहते हैं। कटरीना इन दिनों फिल्म मेरी क्रिसमस को लेकर चर्चा में हैं और एक बार बातचीत के दौरान उन्होंने इससे ही जुड़ा एक किस्सा बताया था, जब उन्हें विकी पर बहुत गुस्सा आया था और नफरत हो गई थी, हालांकि ये सब मजाकिया ही था।



**विकी-कटरीना जीत लेते हैं दिल**-विकी कौशल और कटरीना कैफ, पॉवर कपल कहलाते हैं और फैन्स इन पर खूब प्यार लुटाते हैं। फिल्म टाइगर 3 के प्रमोशन के दौरान फिल्म कंपेनियन से बातचीत में कटरीना ने मेरी क्रिसमस से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया था। कटरीना ने बताया था कि मेरी क्रिसमस के लिए श्रीराम राघवन ने उन्हें तीन पेज की लाइन्स भेजी थीं, ताकि वो रिहर्सल कर लें और इस में उन्होंने विकी कौशल की मदद ली थी।

**कटरीना को क्यों आया गुस्सा?** कटरीना ने कहा, श्रीराम ने रात में सीन चेंज कर दिया था और अगली सुबह मेरी क्रिसमस का शूट था। वो तीन पेज का एक लंबा चौड़ा डायलॉग था। मैं रिहर्सल करना चाहती थी और विकी ने विजय सेतुपति की लाइन्स के साथ मदद कीं। विकी ने तीनों पेज दो बार पढ़े और फिर नीचे रख दिए।




# बढ़ानी है बच्चों की मेमोरी और फोकस,तो गिफ्ट करें ये गेम्स

जो चीजें बच्चे खेल-खेल में सीखते हैं, वह उन्हें हमेशा याद रहती है। एसलिए इस क्रिसमस बच्चों को कंसंट्रेशन बूस्ट करने वाले गेम्स गिफ्ट करना बेहतर आइडिया हो सकता है। क्रिसमस आ गया है। यकीनन आपके घर में भी जोर-शोर से इसकी तैयारियां चल रही होंगी। इस दौरान बच्चे सबसे ज्यादा एक्साइटेड रहते हैं। केक, कुकीज और कैंडी के साथ ही वे अपने सीक्रेट सांता से मिलने वाले गिफ्ट को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं। ज्यादातर पेरेंट्स खाने-पीने का सामान, कपड़े, बुक्स, इत्यादि को क्रिसमस पर तोहफे में देते हैं। परन्तु क्यों न इस क्रिसमस अपने बच्चों को कुछ ऐसा गिफ्ट किया जाए, जो उनके लिए सच में फायदेमंद हों। हम आपके लिए लाए हैं क्रिसमस के लिए ऐसे ही 5 गिफ्ट आइडिया, जो आपके बच्चों का कंस्ट्रेशन लेवल और मेमोरी बढ़ा सकते हैं।इस प्रकार के खेल बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने में मदद करते हैं। साथ ही फोकस और मेमोरी भी मजबूत होती है। तो चलिए जानते हैं आखिर कौन-कौन से कंसंट्रेशन बूस्टिंग गेम को आप अपने बच्चों को गिफ्ट कर सकती हैं। साथ ही जानेंगे यह गेम्स किस तरह काम करते हैं।



**1. पजल**-पजल एक सबसे अच्छा मेमोरी बूस्टिंग गेम है। अलग-अलग तरह की पजल्स में अलग-अलग टुकड़ों को जोड़कर एक सही चित्र, शब्द, इत्यादि बनाने होते हैं। वहीं इसे करते हुए बच्चों का दिमाग पूरी तरह वर्किंग रहता है, जिस वजह से फोकस इंप्रूव करने में मदद मिलती है। नियमित रूप से पजल सॉल्विंग गेम में भाग लेने से बच्चों का कंसंट्रेशन लेवल और मेमोरी इंप्रूव होता है।

**2. क्रॉसवर्ड गेम** -क्रॉसवर्ड न केवल बच्चों के कंसंट्रेशन लेवल को बढ़ाता है, बल्कि उनकी वोकेबलरी और स्पेलिंग को भी मजबूत करता है। इनमें कई सारे शब्दों के बीच सही शब्दों को चुनते वक्त वह अपने मन में तरह-तरह के शब्दों के बारे में सोचते हैं जिससे उन्हें नए नए शब्द भी याद होते हैं। साथ ही शब्दों को ढूंढते वक्त बच्चों का दिमाग काफी शार्पली काम कर रहा होता है।

**3. रिडल** -रिडल बेहतरीन कंसंट्रेशन बूस्टर गेम हो सकता है। इसमें आपको किसी एक वाक्य को समझ कर उसका सही उत्तर देना होता है। वहीं इस दौरान बच्चे पूरी एकाग्रता के साथ सही उत्तर को पहचानने की कोशिश करते हैं। और दिमाग पूरी तरह एक्टिव रहता है। यह मेमोरी और कंसंट्रेशन को बूस्ट करने के साथ ही वोकैबलरी और स्पेलिंग स्किल्स को भी मजबूत बनाता है। आप इसे अपने बच्चों के साथ खेल सकती हैं। साथ ही बच्चे इस खेल को अपने दोस्तों के साथ भी काफी इंजॉय करेंगे।

**4. चेस** -सभी कंसंट्रेशन बूस्टिंग गेम्स में सबसे ज्यादा प्रचलित चेस है। यह न केवल बच्चे बल्कि बड़ों के दिमाग के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। इस गेम को खेलते हुए बच्चे सोचते हैं, प्लानिंग करते हैं और अपॉजिट पार्टनर के मूव्स पर भी ध्यान रखते हैं। यह सभी चीजें उनकी एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करती हैं। 6 साल के उम्र से बड़े बच्चों के लिए यह एक परफेक्ट क्रिसमस गिफ्ट रहेगा। इसके साथ ही आप उनके साथ इसे खेल कर उन्हें धीरे धीरे खेलना सिखा सकती हैं।

# विकसित भारत (कविता)

दो हज़ार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाना है।
आत्मनिर्भर बने सभी विज्ञान में अव्वल बनाना है।।
ग्रामीण विकास पहली प्राथमिकता रहे देश की भाई।
गाँव गाँव साक्षर बने सभी यह अभियान चलाना है।।

भारत आर्थिक महाशक्ति बने विश्व पटल पर छाना है।
युवाओं के कौशल विकास पर हमको ध्यान रखना है।।
युवा शक्ति का कर उपयोग देश को समुन्नत बनाना है।
भारत विश्व गुरु है विश्व गुरु था विश्व गुरु रहेगा बताना है।

कल कारखाने कुटीर उद्योगों को नगर- नगर बढ़ाना है।
छोटे उद्योगों में उत्पादन कर विकसित देश बनाना है।।
योग , आयुर्वेद को अपनाकर तन मन निरोग करना है।
सुडौल सुदृढ बने कैसे सब यह युवाओं को समझाना है।।

राम ,कृष्ण ,महावीर के देश मे अहिंसा को अपनाना है।
सभ्यता व संस्कृति भारत की नित आगे ही बढ़ाना है।।
गीता के सदुपदेश कर्म करो फल की इच्छा न करो।
देश सेवा सबसे बड़ा कर्म है यह बात हमें सिखाना है।।

मानव धर्म सबसे ऊंचा है मानवीय गुण संग रहना है।
जाति धर्म के झगड़े भूल एकता का पाठ पढ़ाना है।।
ईश्वर एक है सब महापुरुष का बस इतना कहना है।
इंसानियत से रहना सीख लो यह सन्देश फैलाना है।।



**-डॉ. राजेश कुमार शर्मा पुरोहित,भवानीमंडी**

## जीव की संगति बदल कर उसका जीवन सुधार देते हैं महापुरुष

यहाँ मन में प्रश्न उत्पन्न हो सकता है कि दुष्ट अगर संत का संग करने से बदल जाता है, उसपे संगति का प्रभाव होता है, तो संत पर दुष्ट की संगति का प्रभाव क्यों नहीं होता? इसका समाधान गोस्वामी जी बड़ी सुंदर उदाहरण से देते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी अथवा किसी भी महापुरुष के संसार में आगमन के पीछे एक ही उद्देश्य होता है, वह है जीव का परम कल्याण। जीव का कल्याण शरीरक, मानसिक व आत्मिक स्तर पर होता है। ऐसा नहीं, कि संसार में अन्य समाज सेवी लोग यह प्रयास नहीं करते हैं, लेकिन समस्या यह है, कि वे सफल नहीं हो पाते हैं। क्योंकि धार्मिक ग्रंथों की यह दृढ़ मान्यता है, कि जगत में अगर सच में कोई सच में सेवा कर सकता है, तो वे संत-महापुरुष, स्वयं ईश्वर अथवा प्रभु के भक्त ही होते हैं।एक साधारण जीव का हृदय इतना अपरिपक्व-सा होता है, कि उसपे आसानी से कोई भी रंग चढ़ जाता है। जिसके चलते संसार में मायावी जीवों की संख्या ज्यादा होती है। परिणाम स्वरूप ऐसे ही जीव पाप की ओर भी शीघ्रता से अग्रसर होते हैं।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# एक जरूरी दवा,जो घर-घर पहुंच गई


राम गोपाल सैनी

अब जुकाम से कोई नहीं डरता, पर एक जमाना था, जब जुकाम का भी अपना कहर हुआ करता था। वैसे तो जुकाम की भी आधा दर्जन वजहें होती हैं, पर सबसे बड़ी वजह है, शरीर में ठंड का बैठ जाना। अगर ठंड को ज्यादा बैठने दिया जाए, तो आफत है, मन उचट जाता है, सिर में तनाव बना रहता है, नाक बंद हो जाती है, फेफड़ा हवा खींचने में हांफने लगता है और भारी से लगते समूचे शरीर में हल्के दर्द की लहर सी उठती है। बड़े तो यह दर्द झेल लेते हैं, पर छोटे बच्चे जुकाम से रोने लगते हैं। सांस लेने में जब बाधा पहुंचने लगती है, तब लगता है, काश! कोई झटके से सारी रुकावट को निकाल बाहर करता। लोग कहते थे, जुकाम तो धीरे-धीरे ही बीतेगा, धूप में बैठिए, ठंड से बचिए, काढ़ा पीजिए, लेकिन जाड़े के दिनों में क्या किया जाए, जब धूप मुंह चुरा लेती है? विकसित देशों में एक उपाय लोग करते थे कि खास तीखा मलहम लगाकर बड़े जलते लैंप के पास बैठ जाते थे। उस दिन एक बच्चा बहुत मुश्किल से लैंप के पास बैठा था, बार-बार उठकर भागने लगता था। लैंप की गरमी से उसकी नाजुक त्वचा झुलसने लगती थी। वह लगातार रोए जा रहा था। उसके पिता भी बहुत दुखी थे, पर किसी तरह से बच्चे को मनाकर बार-बार लैंप के पास बैठाते थे। वैसे यह आए दिन की समस्या थी, कभी कोई एक बच्चा जुकाम कहीं से खींच लाता, दूसरे बच्चों में बांट देता, कभी-कभी सारे बच्चे जुकाम से हलकान हो जाते थे, मगर उस दिन बड़े लड़के ने लैंप से हो रही तकलीफ के चलते कोहराम मचा दिया था। क्या दो राय है कि माता-पिता से बच्चों की छोटी तकलीफ भी बर्दाश्त नहीं होती है और वे अपने बच्चों से भी ज्यादा बेचैन हो उठते हैं? उस दिन तो हद ही हो गई थी। पुत्र का जुकाम और उपचार पिता के लिए आफत बन गया। पिता सोचने पर मजबूर हो गए। क्या कोई ऐसा उपाय है कि बच्चों को गरम लैंप का सहारा न लेना पड़े? वह पिता उस दिन एक नई औषधि बनाने के बारे में सोचने लगे। एक ऐसी दवा, जो तकलीफ न बढ़ाए, जो बच्चों को न रुलाए, जो अभिभावकों को भी राहत का एहसास कराए। जुकाम के समय इस्तेमाल होने वाले तमाम उपायों को उन्होंने खंगाला और ऐसी सामग्रियों को पहचाना, जिनके प्रभाव से जुकाम में राहत का एहसास हो। कैलेंडर पर साल 1894 चढ़ चुका था। वह दवा बनाने में दिन-रात जुट गए। आविष्कार में कुछ समय लगा, पर अंततः पेट्रोलियम जेली, पुदीना, कपूर और नीलगिरि के तेल को मिलाकर उन्होंने एक मलहम बनाया। बड़े लोगों और बच्चों में इसका प्रयोग हुआ और कामयाब रहा।

## महात्मा गांधी ग्लोबल शान्ति अवार्ड 2023 से सम्मानित हुए राघब चंद्र नाथ



**असम (हमारा वतन)।** असम के हैलाकांडी जिले के राघब चंद्र नाथ को महात्मा गांधी ग्लोबल पीच फाउंडेशन ने महात्मा गांधी ग्लोबल शान्ति अवार्ड 2023 से सम्मानित किया। महात्मा गांधी ग्लोबल पीच फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक डॉ. हृषिकेश आचार्य ने बताया कि राघब चन्द्र नाथ के निरंतर सामाजिक कार्यों और गतिविधियों को सराहना करते हुए उन्हें महात्मा गांधी ग्लोबल शान्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया ।

उन्होंने ओर बताया कि राघब चंद्र नाथ बहुत से सामाजिक कार्य जैसे वृक्षारोपण, रक्तदान, जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान जैसे अनेकों सेवा मूलक कार्य करते आ रहे हैं ।






### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# केंद्र की योजनाओं को अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचाने का लक्ष्य-रामलाल शर्मा



**चौमूं (हमारा वतन)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर ग्राम पंचायत कालाडेरा में आयोजित किया गया। शिविर में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने पहुँचकर लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ गोविंदगढ़ पंचायत समिति के सभी पंचायतो में पहुंचकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की गारंटीयों और योजनाओं को को जन-जन तक पहुंचायेगा।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, प्रधान रामस्वरूप यादव और तहसीलदार सुभाष चंद्र शर्मा द्वारा 51 परिवारों को उज्जवला योजना का लाभ दिया गया। शिविर में आयुष्मान भारत कार्ड 45,संकल्प लिया 715, माई भारत एप्प पर रजिस्ट्रेशन 301, दवा वितरण 176 और किसान क्रेडिट 17 को लाभ दिया गया। कार्यक्रम में सरपंच अशोक कुमार शर्मा ने अतिथियों का माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित 17 जन कल्याणकारी योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है। केंद्रीय योजनाओं में आयुष्मान भारत, ग़रीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना, पीएम आवास, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन धन, जीवन ज्योति बीमा योजन, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम व नेनों फर्टिलाइजर योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक कर पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाएगा तथा योजना की जानकारी देने के साथ ही अंतिम पंक्ति में बैठे लाभार्थी को योजना का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रधान रामस्वरूप यादव, सरपंच अशोक शर्मा, तहसीलदार सुभाष चंद्र स्वामी, धन्नालाल सैनी, सुरेश सेनी, व्यापार मंडल पूर्व अध्यक्ष हनुमान शर्मा, मुकेश पंचोली, उपसरपंच गोविंद सेनी, ग्यारसी लाल बागड़ा, धूड़ाराम कुमावत, प्रकाश कुमावत, जितेंद्र सेन सहित उपखण्ड के कर्मचारी, विकसित भारत संकल्प यात्रा टीम और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी ने संसद की सुरक्षा में घुसपैठ करने वालों का किया समर्थन : प्रल्हाद जोशी

नई दिल्ली(एजेंसी)। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्षी दलों द्वारा सदन के अंदर और बाहर किए गए व्यवहार की निंदा करते हुए कहा कि 4 दिसंबर को जब संसद का सत्र शुरू हुआ था तब इन लोगों के पास वेल में आने का कोई बहाना नहीं था। लेकिन, संसद की सुरक्षा में चूक की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से उन्हें बहाना मिल गया और हार का बदला लेने के लिए उन्होंने सदन में ऐसा किया। पत्रकारों से बात करते हुए जोशी ने कहा कि जिस दिन सुरक्षा चूक की घटना हुई, उसके बाद भी 2 से लगभग 2:40 तक सदन चली, चर्चा शुरू हुई, कांग्रेस भी चर्चा में शामिल हुई। लेकिन, अचानक से कहां से क्या निर्देश आया पता नहीं, तुरंत इन लोगों (विपक्षी दलों ने) विरोध करना शुरू कर दिया।

(कविता)

## नव वर्ष यह मंगल आया

नव वर्ष यह मंगल आया,
नूतन सौगातें भी लाया।
नव संकल्पों की बेला यह,
सबके मन को भी हर्षाया।
नववर्ष यह मंगल आया ।।

नव वर्ष का नवल प्रभाकर,
समझाता है हमको आकर
सीखेंगे हम कुछ अतीत से,
बीते कल की कुछ रीत से।
नव सूरज ने आकर देखो,

जन गण मन को यह समझाया।
भूले हम अतीत का साया।
नई किरणें, अब नई रोशनी,
नई उमंग, उत्साह जगाया।
नव वर्ष यह मंगल आया।।

नव वर्ष के नव प्रभात में
अब तो केवल नई बात हो।
चमकीला हर दिन हो अपना,
और खुशियों से भरी रात हो।
ख्वाब सुनहरे कितने सुंदर
संग में अपने देखो लाया।
नव वर्ष यह मंगल आया।।

सद्भावों का सफर रहे अब,
उम्मीदों की डगर रहे अब।
कर्मनिष्ठ यह जीवन अपना,
बस मंज़िल पर नज़र रहे अब।
सबका मंगल हो इस जग में,
सोच यही इस मन को भाया।
नव बहार जग में फैलाया।।
नव वर्ष यह मंगल आया।।

नव वर्ष में नई शपथ हो,
सुंदरतम अपना हर पथ हो।
दूर गमों को अब करना है,
खुशियों का अब
केवल रथ हो।
सत्कर्मों का लक्ष्य रहे बस,
एक नदी सा बस बहना है।
नहीं मुसीबत से घबराएँ,
हिम्मत से जग ने सब पाया।
नव वर्ष यह मंगल आया।।

श्रम से जी न कभी चुराएं,
सुंदरतम इतिहास बनाएँ।
अपने पथ से कभी न भटकें,
आगे आगे बढ़ते जाएँ।
जिसका हो संकल्प जगत में,
उसने ही तो सब कुछ पाया।
नव वर्ष यह मंगल आया।।


डॉ. योगिता जोशी
जयपुर

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा